बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला

Geography

Set-1

Geography
A-GEOG (OPT)

समयः 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांकः 70
Time: 3 Hours 15 Minute] [Marks: 70

परीक्षार्थी के लिए निर्देशः

Instruction to the candidate:

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   Figure in the right hand margin indicate full marks.

3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ भाग संख्या, खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

   Write Section number, Group number and Question number with every answer.

निर्देशः इस प्रश्न पत्र में दो भाग हैं, भाग –I एवं भाग –II। भाग –I में खण्ड – अ तथा भाग –II में खण्ड – ब तथा खण्ड – स है।

भाग –I: भाग –Iकेखण्ड – ब के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं। इस खण्ड के प्रश्न संख्या 1 से 28 के प्रत्येक 1 अंक का है। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग –II: भाग –IIके सभी प्रश्न गैर–वस्तुनिष्ठ है। भाग –IIके खण्ड – ब के प्रश्न लघु उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। भाग –II के खण्ड – स के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

Instruction: This paper consists of two Sections, Section – I & II. Section – I consists of Group – A and Section – II consists of Group – B & Group – C.

Section – I: Group A of Section –I are Objective Type questions. In this group question No. 1 to 28 carry 1 mark each. Answer all questions.

Section – II: All question – Section – II are Non=Objective Type. Group –B of Section – B are Short Type Questions. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks. Group – C of Section – II are Long Type Questions. Answer all 3 questions. Each question carries 6 marks.

भाग – 1

SECTION – 1

खण्ड – अ

Group – A

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Objective Questions)

I. निमनलिखित प्रश्न संख्या 1 से 28 में चार विकल्पों में एक सही है। आपको सही विकल्प चुनना हैः 28 x 1 = 28

From questions no. 1 to 28 there are four options of which one is correct. In each question you have to choose the correct option: 28 x 1 = 28

1. निम्नलिखित में से किस नगरीय समूहन में प्रवासी जनसंख्या का अंश सर्वाधिक है?
   (क) मुंबई (ख)दिल्ली
   (ग) बंगलौर (घ) चेन्नई

Which one of the followingurban agglomeration has highestmigrationpopulation?
   (a) Mumbai (b) Delhi
   (c) Bangalore (D) Chennai

2. भारत के निम्नलिखित केन्द्र शासित प्रदेशों में किसकी साक्षरता दर उच्चतम है?
   (क) लक्षद्वीप (ख) चंडीगढ
   (ग) दमन वदीव (घ) अंडमान व निकोबार द्वीप

Which one of the following Union Territories hashighest Literacy ratein India ?
   (a) Lakshadweep (b) Chandigarh
   (c) Daman & Due (d) Andmand & Nicoabar Island

3. ''रूको और जाओं'' निश्चयवाद" की सकल्पना किसने दी ?
   (क) रैटजेल(ख) हम्बोल्ट
   (ग) ब्लाश (घ) टेलर

Who is the propounder of stop and go Determinism?
   (a) Ratzel (b) Humboldt
   (c) Blache (d) Taylor

4. निम्नलिखित यूरोपीय देशों में से किसमें नगरीकरण सर्वाधिक पाया जाता है।
   (क) माल्टा (ख)बेल्जियम
   (ग)) फ्रांस (घ) जर्मनी

Which one of the Following European countries has the highest level ofUrbanization?
   (a) Malta (b) Belgium
   (c) France (d) Germany

5. पिलानी नगर का संबंध है :
   (क)खनन नगर (ख) धार्मिक नगर
   (ग) औद्योगिक नगर (घ) शैक्षिक नगर

Pilani town is an example of
   (a) Mining Town b) Religious Town
   (c) Industrial Town (d) Educational Town

6. निम्नलिखित में से कौन सा रबी फसल नहीं है?
   (क) गेहूँ (ख) चावल
   (ग) चना (घ) जौ

Which of the Following is not a Rabi crop?
   (a) Wheat (b) Rice
   (c) Gram (d) Barley

7. निम्नलिखित में से कौन सी रोपण फसल नहीं है?
   (क) चाय (ख) रबड

(ग) कॉफी (घ) गेहूँ

Which one of the following is nota PlanationCrop?

(a) Tea (b) Rubber

(c) Coffee (d) Wheat

8. निम्नलिखित में से कौन सी प्राथमिक क्रियाकलाप है ?

(क) कृषि (ख) व्यापार

(ग) उद्योग (घ) सेवा

Which one of the following is a primary Activity?

(a) Agriculture (b) Trade

(c) Industry (d) Service

9. जवाहर लाल नेहरू (न्हावाशेवा) पतन है :

(क) चेन्नई (ख) मुंबई

(ग) हल्दिया (घ)कोच्चि

Jawaharlal Nehru Port (Nahawasheva)is ?

(a) Chennai (b) Mumbai

(c) Haldia (d)Kochi

10. भारत में परमाणु उर्जा स्टेशन कितने है?

(क) 4 (ख) 8

(ग) 7 (घ) 10

How many Atomic Power Station in India?

(a) 4 (b) 8

(c) 7 (d) 10

11. निम्नलिखित में कौन सा अधात्विक खनिज है ?

(क) मैंगनीज (ख) अभ्रक

(ग) तॉबा (घ)लोहा

Which one of the following is a non-metallic mineral ?

(a) Manganese (b) Mica

(c) Copper (d) Iron

12. इंदिरा गांधी नहर क्षेत्र है:

(क) उत्तर प्रदेश (ख) महाराष्ट्र

(ग) तमिलानाडु (घ)राजस्थान

Indira Gandhi Canal area isin:

(a) Uttar (b) Maharashtra

(c) Tamil Nadu (d) Rajasthan

13. "नागपुर योजना " का संबंध है:

(क) रेल परिवहन (ख) सड़क परिवहन

(ग) वायु परिवहन (घ)जल परिवहन

"Nagpur plan" is related to:

(a) Rail Transport (b) Road Transport

(c) Air Transport (d) water Transport

14. कॉफी, चना, कपास इत्यादि ....फसल है।

(क) रेशेदार (ख)पेय

(ग) नगदी (घ)खाद्य

Coffe, sugarcane, tea, cotton are …………… crop.

(a) Fiber (b) Beverage
(c) Cash (d) Food

15. निम्न में से सर्वाधिक जन–घनत्व का क्षेत्र कौन सा है।
(क) ध्रुवीय क्षेत्र (ख) पश्चिमी चीन
(ग) आस्ट्रेलिया महाद्वीप (घ) दक्षिणी एशिया

Which of the following regions have highest density of population

(a) Polar Region (b) Western Chaina
(c) Austrilian Continent (d) South Asia

16. निम्नलिखित देशों में कौन सा आसियान का सदस्य देश नहीं है ?
(क) ब्रुनेई (ख) बांगलादेश
(ग) इंडोनेशिया (घ) थाईलैंड

Which one of the following countries is not a member of ASEAN ?

(a) Brunei (b) Bangladesh
(c) Indonesia (d) Thailand

17. कौन–सा औद्योगिक अवस्थापना का कारक नहीं है ?
(क) बाजार (ख) पूँजी
(ग) वनस्पति (घ) ऊर्जा

Which one of the following is not a factor of industrial infrastructure?
(a) Market (b) Capital
(c) Vegetation (d) Energy

18. किस राज्य में सबसे कम अनुसूचित जनजाति है?
(क) उत्तर प्रदेश (ख) महाराष्ट्र
(ग) मध्यप्रदेश (घ) गोवा

Which state lowest population of Scheduled Tribes:
(a) Uttar Pradesh (b) Maharastra
(c) Madhyaprasesh (d) Goa

19. मुंबई हाई प्रसिद्ध है:
(क) ज्वारीय ऊर्जा (ख) पेट्रोलियम
(ग) परमाणु ऊर्जा(घ) सौर उर्जा

Mumbai High is famous for -
(a) Tidal Energy (b) Petroleum
(c) Atomic Energy (d) Solar Energy

20. भारत के किस राज्य में विजय नगर इस्पात संयंत्र स्थित है ?
(क) आंध्र प्रदेश (ख) ओड़िसा
(ग) कर्नाटक(घ) महाराष्ट्र

In which state of India is Vijaynagar steel Plant located?
(a) Andhra Pradesh (b) Odissa
(c) Karnataka (d) Maharashtra

21. आई. टी. डी. पी. का संबंध है ?

(क) समन्वित पर्यटन विकास प्रोग्राम
(ख) समन्वित यात्रा विकास प्रोग्राम
(ग) समान्वित जनजातीय विकास प्रोग्राम
(घ)समन्वित परिवहन विकास प्रोग्राम

I.T.D.P. is related to :

(a) Integrated Tourism Development Programme
(b) Integrated Travel Development programme
(c) Integrated Tribal Development Programme
(d) Integrated Transport Development programme

22. बालाघाट प्रसिद्ध है ?

(क) लोहा (ख) मैगनीज
(ग) अभ्रक (घ) बॉक्साइट

Balaghat is famous for

(a)Iron (b) Manganese
(c) Mica (d) Bauxite

23. निम्नलिखित में से कौन सा सूती वस्त्र का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है

(क) गुजरात (ख) कर्नाटक
(ग) पश्चिम बंगाल (घ) उत्तर प्रदेश

Which one of the following state is the largest producer of cotton textile?

(a) Gujrat (b) Karnataka
(c) West Bengal (d) Uttar Pradesh

24. इनमें से कौन लौहइस्पात कारखाना समुद्र तट पर स्थित है ?

(क) दुर्गापुर (ख) विशाखपत्तनम
(ग) विजयनगर (घ) सलेम

_______ Iron Steel Plant is situated on the river coast.

(a) Durgapur b) Vishakhapatnam
(c) Vijaynagar ((d)Salem

25. मिकिर पहाड़ी अवस्थित हैं ?

(क) अरूणाचल प्रदेश (ख) मध्य प्रदेश
(ग) असम(घ)मेघालय

Mikir hills is located at:

(a) Arunachal Pradesh (b)Madhya Pradesh
(c) Assam (d)Meghalay

26. राष्ट्रीय राजमार्ग नं0 2 किन्हें मिलाना है ?

(क) दिल्ली को मुंबई से (ख) दिल्ली को कोलकता से
(ग) वाराणासी को कन्याकुमारी से (घ) चेन्नई को को कोलकता से

The national highway no-2 joins:

(a) Delhi with Mumbai (b) Delhi with Kolkata
(c) Varanasi with Kanayakumari (d) Chennai with Kolkata

27. गद्दी जनजाति पायी जाती है:

(क) ओडिसा (ख) तमिलनाडु
(ग) हिमाचल प्रदेश (घ) कर्नाटक

Gaddi tribe is found in:

(a) Oddisha (b) Tamil Nadu
(c)Himachal Pradesh (d) Karnataka

28. निम्नलिखित में से कौन सी अनुसूचित जनजाति भारत में सबसे अधिक संख्या में है:

(क) गौंड (ख) संथाल

(ग) भील (घ) उरॉव

Which of the following Tribe in India has highest number of population?

(a) Gond (b) Santhal

(c) Bheel (d) Orao

भाग –II

SECTION – II

(गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Non-Objective Questions)

खण्ड – ब

Group – B

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय है। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 12 x 2 = 24

Questions no. 1 to 12 are short answer type. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks 12 x 2 = 24

1. प्रशासनिक नगर क्या है ?
What is an administrative town ? Give Suitable Examples ?
2.उपभोक्ता वस्तु उधोग को उदाहरण सहित परिभाषित करें।
Define Consumer Goods Industry With Examples .
3. उष्मा द्वीप क्या है ? वर्णन करें।
What is Heat islands ? Describe it.
4. पूर्व–पश्चिम एवं उत्तर – दक्षिण गलियारा के बारे में संक्षेप में लिखें।
Write in short east - west and north – south corridors ?
5.प्रवास से संबधित किन्हीं तीन प्रतिकर्ष कारकों का उल्लेख करें।
Mention any three push factors related to migration ?
6.ग्रामीण अधिवासों की चार विशेषताओं का उल्लेख करें।
Mention four characteristics of rural settlements.
7.कृषि ऋण प्रदान करनेवाली चार संस्थाओं के नाम लिखिए।
Name any four agencies providing agricultural loans?
8.उदारीकरण के चार लाभों को लिखें।
Write the four advantage of liberalization ?
9.परमाणु ऊर्जा कैसे पैदा की जाती है।
How is atomic energy produced ?
10.फुटकर व्यापार सेवा से आप क्या समझतें है।
What do you understands by retail trading services ?
11.जनसंख्या परिर्वतन के तीन धटक कौन है ?
What are the three components of population change ?

12. सतत् विकास की क्या आवश्यकता है ?
What is the need of sustainable development ?

खण्ड – स

Group – C

(दीघ्र उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Questions

प्रश्न संख्या 13 से 15 दीघ्र उत्तरीय है। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। 3 x 6 = 18

Questions no. 13 to 15 are long answer type. Answer all the 3 questions. Each question carries 6 marks 12 x 2 = 24

13. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से क्या समझते है। इसके महत्व का वर्णन कीजिए।
What do you mean by international Trade? Explain its Importance.

अथवा

भारत की हरित कांति के मुख्य उद्देश्यों एवं उसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।
Explain the main objective and characteristics of Green Revolution in India .

14.स्वेज नहर मार्ग के महत्व पर प्रकाश डालिए।
Describe the impotance of suezcanal route.

अथवा

भारत में सड़क मार्ग का वर्गीकरण कीजिए।
Classify the roadways of India.

15. भारत में लोहा इस्पात उधोग के वितरण को स्पष्ट कीजिए।
Describe the distribution of Iron and steel industry inIndia.

अथवा

भारत का मानचित्र बनाकर निम्नलिखित को प्रदर्शित करें:
(क) भोपाल (ख) कोच्चि (ग) तालचर (घ) पोरबंदर (ड.) मोहाली (च) रानीगंज
Draw a map of India and show the following:
(a) Bhopal (b) Kochhi (c) Talcher (d) Porbandar (e) Mohali (f) Raniganj

ANSWER

1	A	8	A	15	D	22	B
2	A	9	B	16	B	23	A
3	D	10	B	17	C	24	B
4	B	11	B	18	D	25	C
5	D	12	D	19	B	26	B
6	B	13	B	20	C	27	C
7	D	14	C	21	C	28	A

1

Answers (उतरमाला)

1. कार्यों के आधार पर कुछ नगर प्रशासन के केन्द्र होते हैं यहाँ प्रदेश का मूख्य प्रशासनिक कार्यालय होता है। विश्व के प्रायः सभी देशों एवं प्रांतों की राजधानियाँ प्रशासनिक नगर के रूप में कार्य करते हैं। उदाहरण के लिए –पटना, राँची, नई दिल्ली, लंदन, मास्को, वाशिंगटन डीसी आदि ।
2. वैसे उद्योग जिनके उत्पादको का उपभोग प्रत्यक्ष रूप से या सीधे उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है, उपभोक्ता वस्तु उद्योग कहलाता है । उदाहण –विस्कूट उद्योग, दंतमंजन, पंखा, पावरोटी उद्योग आदि ।
3. नगरों के मध्यवर्ती भाग में जिसे केन्द्रीय बाजार क्षेत्र कहा जाता है, ऊँची–ऊँची ईमारतें बनी होती हैं। कंकरीट के इन ढ़ाँचों में दिनभर बड़ी संख्या में लोगों को आना जाना होता है। बड़ी संख्या में लोगों के आवागमन के कारण यहाँ अपेक्षाकृत अधिक गर्मी होती है, जिसे 'उष्मा द्वीप' कहा जाता है।
4. देश भारत में पूर्व –पश्चिम एवं उत्तर–दक्षिण के सुदूर भागों कों जोड़ने के उद्देश्य से उच्च गुणवता वाली सड़कें बनाई गई हैं, जिसे पूर्व–पश्चिम एवं उत्तर–दक्षिण गलियारा नाम दिया गया है। उत्तर–दक्षिण गलियारा श्रीनगर से कन्याकुमारी :–4000km. तथा पूर्व–पश्चिम गलियारा सिलचर से पोरबंदर :–3300 km.लम्बी है।

5. प्रवास से संबंधित तीन कारक निम्न हैः–

(i)बाढ़ , सूखा, सूनामी , तूफान जैसे प्राकृतिक कारक

(II)आतंकवाद एवं नक्सलवाद जैसे मानवीय कारक

(III) शिक्षा रोजगार के कम अवसर एवं स्वास्थ्य सूविधाओं की कमी ।

6. ग्रामीण अधिवास की चार विषेशताएं निम्न हैः–

(I) ग्रामीण अधिवासों के निवासियों को भरण–पोषण प्राथमिक क्रियाकलापों यथा कृषि तथा पशुपालन आदि के द्वारा

(II)इन अधिवासों का आकार छोटा होता है।

(III) जनसंख्या का धनत्व कम होता है।

(IV)ग्रामीण अधिवासों में मकान विखरे हुए होते है।

7 कृषि ऋण प्रदान करनेवाली चार संस्थएँ निम्न हैः–

(I)सरकारी सहकारी समितियॉ

(II) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

(III) कृषि तथा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बैंक

8 उदारीकरण के चार लाभ निम्न हैः–

i. औधोगिक लाइसेंस व्यवस्था का समापन
ii. विदेशी तकनीकों का निःशुल्क प्रवेश
iii. विदेशी निवेश की सुविधा
iv. खुला व्यापार

9. परमाणु ऊर्जा के उत्पादन के लिए यूरेनियम तथा थोरियम की आवश्यकता होती है। परमाणु शक्ति केन्द्रों में नाभिकीय विखंडन के द्वारा परमाणु ऊर्जा उत्पन्न की जाती है।

10. ये वह व्यापारिक क्रियाकलाप है जो उपभोक्ताओं को वस्तुओं के प्रत्यक्ष विक्रय से संबंधित है। छोटे व्यापारियों के मध्य होने वाले व्यापार को फुटकर व्यापार सेवा कहते हैं । फेरी,रेहड़ी, द्वार से द्वार,फुटकर बिक्री के उदाहरण हैं।

11. जनसंख्या परिवर्तन के तीन घटक निम्न हैः

i. जन्मदर
ii. मृत्युदर
iii. प्रवास

प्रतिहजार जनसंख्या पर होने वाले जन्म और मृत्यु को क्रमशः जन्मदर एवं मृत्युदर कहते है। लोगों का एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में चलें जाने को प्रवास कहते हैं।

12• सतत विकास की निम्न आवश्यकता है–

(i) भावी पीढी के लिए प्राकृतिक संसाधनों का सावधानी से उपयोग।

(ii) जीवन स्तर में सुधार।

(iii) प्रदुषण पर नियंत्रण।
(iv) प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण

13. जब वस्तुओं और सेवाओं का आदान–प्रदान दो देशों के बीच होता है तो उसे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार कहते हैं। व्यापार सभी अर्थव्यवस्थाओं का आधार है।व्यापार की आवश्यकता मुख्यतः उत्पादकता में प्रादेशिक भिन्नता के कारण है। धरातल पर विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक संसाधनों की अवस्थिति तथा उनके वितरण में अत्यधिक विभिन्नता पाई जाती है। अनेक कारक जैसे– संसाधनो की उपलब्धता आवश्यक पूँजी, प्रौद्योगिकी तथा दक्षताएँ, घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय मांग तथा सरकारी नीतियाँ विभिन्न वस्तुओ तथा सेवाओ के उत्पादन को प्रभावित एवं अधारित करती है। वर्तमान में भारत के विदेशी–व्यापार के गठन में अनेक संरचनात्मक परिवर्तन हुए है, निर्यात में गैर परम्परागत वस्तुओ का प्रतिशत निरंतर बढा है। इसी प्रकार रसायनों व इंजिनियरिंग वस्तुओ के आयातो में उत्तरोतर वृद्धि हुई है। भारत के आयातों में पेट्रोलियम पदार्थो के अतिरिक्त पूंजीगत वस्तुओं, कार्बनिक व अकार्बनिक रसायन और औषधीय उत्पाद प्रमुख है। मोती एवं रत्नों का भी भारी मूल्य का आयात किया जाता है। किन्तु साज–सज्जा के बाद इनका भी निर्यात कर दिया जाता है। अन्तराष्ट्रीय व्यापार का अन्य महत्व भी है :–जैसे –

1. सूचना एवं परिवहन के क्षेत्र में दोहरी प्रौधोगिकी क्रांति ने व्यापार की जानेवाली वस्तुओं की गुणवत्ता एवं संख्या में वृद्धि
2. फैक्स तथा वीडियो– कान्फ्रेंसिग ने औधौगिक उत्पादो के समन्वय तथा नियंत्रण की सुविधा दी है
3. सेवा क्षेत्र में तीव्र वृद्धि इसके महत्व को स्वतः बताते है।
4. विश्व व्यापार संगठन के प्रयासो से कई विकासशील देशो को अधिक लाभ हुआ है।
5. विश्व के अधिकांश देश भारतीय निर्यातो के ग्रहक हैं।
6. भारत का सबसे बडा व्यापार साझेदार देश 1. चीन 2. अमेरीका 3. सउदी अरब है।
7. वर्तमान में भारत 7500 प्रकार के सामानों (commodities) का लगभग 190 देशो को निर्यात करता है। जिसमे स्र्वाधिक संयुक्त राज्य अमेरिका को (15.3%) करता है।

अथवा

भारत में रवाद्यानो के उत्पादन में गुणात्मक में वृद्दि को हरित क्रांति कहते है। हरित क्रांति के प्रथम चरण की शुरुआत 1967 में पंजाब और हरियाणा में लागू की गई । दूसरें चरण की शुरूआत 1987 में की गई।
प्रथम चरण में इसके निम्न मुख्य उद्देश्य थें।

1. भारत की विशाल जनसंख्या के लिए भोजन की व्यवस्था करना
2. भारत को खाद्यानों में आत्मनिर्भर बनाना।

दूसरें चरण (1987) में इसके प्रमुख उद्देश्य है

1. चावल एवं मोटे अनाजों के क्षेत्रफल एवं उत्पादकता में वृद्दि लाना
2 दलहन एवं खाद्य तेलों का उत्पादन बढ़ाना
3 प्रादेशिक असमानता को कम करना
4 शुष्क खेती को बढ़ावा देना
5 जैव उर्वरक के प्रयोग को बढ़ाना
6 सिंचाई एवंजल प्रबंधन में सुधार करना

प्रमुख विशेषताः – 1. प्रथम चरण में हरित कांति से गेहूँ और चावल के उत्पादन में अधिक वृद्दि जैसे गेहूँ में 2.5 गुणी , धान में गुणी , मक्का में 3.5 गुणी
2 अधिक उपज देने वाले (बीजों) सकर बीजों का प्रयोग शुरू हुआ
3 कृषि के नए और वैज्ञानिक तकनीकी ो प्रयोग हआ।ए

4.बडें पैमाने पर कृषि में उर्वरक को उपयोग किया गया
5. हरित कांति लाने में प्रमुख सिचिंत क्षेत्र पंजाब ,हरियाण और पश्चिमी उत्तरप्रदेश का प्रमुख योगदान रहा
6. कृषि में विधुतीकरण और मशीनीकरण का प्रयोग इसकी प्रमुख विशेषताओं में शामिल रहा है।

14. स्वेज नगर भूमध्यसागर एवं लालसागर को जोड़ता है। इसका निर्माण कार्य 1869 में पूर्ण हुआ । इन नहर की लम्बाई 168 किलोमीटर या, चौड़ाई –365 मीटर तथा औसत गहराई1615 मीटर है।

इस नहर के निर्माण से यूरोपीय देशों विशेषकर ब्रिटेन अधिक लाभ हुआ है। इसके बन जाने से आशा अंतरीप अन्तराष्ट्रीय मार्ग की तुलना में स्वेज मार्ग से लन्दन एवं मुम्बई के बीच 9600 किलोमीटर, लिस्बन एंव मकाओं के बीच 5120 कि०मी० की दूरी कम हुई है । इस नहर को प्रतिदिन 90 जहाज पार कर सकते है। इस जलमार्ग का संबंध विश्व के 75 प्रतिशत जनसंख्या से है।
1956 में मिश्र द्वारा इसका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया है। इसकी उत्तरी प्रवेश द्वार पर पोर्टसईद तथा पोर्ट फौद , एवं दक्षिणी प्रवेश द्वार पर स्वेज पतन स्थित है। इस नहर के मार्ग में कुछ दलदली झीलें है जिसमें उत्तर में मण्जाला , मध्य में तिम्सा , एवं दक्षिण में वृहत् बिटर झील स्थित है।
इस नहर के बनने से लाभ उठाने वाले अन्यदेश फांस, इटली, नीदरलैण्ड, स्वीडन, डेनमार्ग तथा जर्मनी है । इसके अतिरिक्त पूर्व की और लाभ उठानेवाले अफीका–एशियाई देश, आस्ट्रेलिया तथा न्युजीलैंड है। स्वेजनहर के पश्चिम में लन्दन, जिब्राल्टर, हेम्बर्ग मेनचेस्टर, साउथहैम्पटन, लिस्बन, नेपल्सतथा सिकन्दरिया प्रमुख बन्दरगााह है। पश्चिम से पूर्व को निर्मित माल जैसे मशीनें , कपड़ा दवाइयों तथा रासायनिक पदार्थ भेजे जाते है। इसके बदले में पूर्वी प्रदेश , पश्चिमी भागों को कच्चा माल जैसे – पटसन, गेहूँ, रेशम, चाय, नारियल, उन, मांस, चीनी, टिन, रबर, तथा गर्म मसाले भेजते है।

अथवा

भारत का सड़क नेटवर्क 46.90 लाख किलोमीटर है जो विश्व का दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क है सड़कों को उनके महत्व के अनुसार पाँच वर्गो में विभाजित किया जा सकता है।
1. राष्ट्रीय राजमार्ग 2. राज्य राजमार्ग 3. जिला राजमार्ग 4. ग्रामीण सड़कें 5. सीमावर्ती सड़कें

1. राष्ट्रीय राजमार्ग – सड़क की कुल लंम्बाई कां लगभग 2 प्रतिशत राष्ट्रीय राजमार्ग है जबकि देश की लंबाई और चौड़ाई में कुल यातायात का 40 प्रतिशत इनके द्वारा ढ़ोया जाता है।
राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल लम्बाई का 24% एकल लेन सड़क है, 51%मानक दोहरी लेन है , शेष 25 प्रतिशत चार लेन या अधिक लेन का है । सबसे अधिक लम्बाई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या – 7 का है यह जबलपूर – भाया –वाराणसी से कन्याकुमारी तक है । इसी के अन्तर्गत स्वर्णचतुर्थ परम राजमार्ग है जो भारत को उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम को जोड़ती है।
2. राज्य राजमार्ग – इनका प्रबंध राज्य सरकार का सार्वजनिक निर्माण विभाग करता है । यह देश की सड़कों की कुल लंम्बाई का लगभग 4 प्रतिशत है।
3. जिला सड़क मार्ग – ये सड़कें जिला मुख्यालय को जिले के अन्य स्थानों से मिलाती है। ये देश की कुल सड़कें का 14 प्रतिशत भाग है।
4. ग्रामीण सड़कों – ये ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों तथा कस्बों से मिलाती है प्रधानमंत्री ग्राम सड़के की लम्बाई 80 प्रतिशत भाग ग्रामीण सड़को के रूप में है।
5. सीमावर्ती सड़कं :– मई 1960 में सीमा सड़क संगठन की स्थापना की गई । इसी के अन्तर्गत विश्व की सबसे उँची सड़क (4207 मी०) हिमाचल प्रदेश में मनाली से जम्मु व कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र के लेह तक निर्मित की गयी है।

15. लोहा– इस्पात उधोग वनज ह्रास उधोग है । अतः इस उधोग का विकास कच्चे माल के क्षेत्रों में हुआ है।

वितरण :– 1. (TISCO) टाटा आयरन एडं स्टील कंपनी (जमशेदपूर) यह भारत का सबसे पुराना और बड़ा कारखाना है। इसे लौह अयस्क गुरूमहिसानी और नुआमुंडी से कोयला झरिया, बोकारों से चूना पत्थर बिरमित्रपुर से प्राप्त होता है।
2. (IISCO) इंडियन आयरन एंड स्टील कंपनी – यह कुल्टी, बर्नपुर और हीरापुर तीनो का मिलाकर IISCO का नाम पाता है। झरिया, रानीगंज से कोयला प्राप्त होता है।
3. भद्रावती – इसे विश्वेसररैया लोहा इस्पात केन्द्र (visl) भी कहा जाता है । यह कर्नाटक के श्मिोगा जिलें में भद्रावती नदी के किनारे भद्रावती नामक स्थान पर है।
4. हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड़ – इसमें राउरकेला, भिलाई, दूर्गापुर लौह इस्पात उधोग को कच्चे माल पर विदेशों द्वारा स्थापित कारखाना है वर्तमान में बोकारों लौह–इस्पात भी इसमें शामिल है। ये सभी सार्वजनिक क्षेत्र में है।
5. सलेम : – तमिलनाडु में है जो लौह –अयस्क शिवराय की पहाड़ी से प्राप्त करता है। सबसे उत्तम गुणवता का स्टेन लेस स्टील बनता है ।

6. विजयनगर (कर्नाटक के हास्पेट जिला) यह बाबाबूदन की पहाड़ी से लौह अयस्क , सिगरैनी , (तेलांगाना) से कोयला प्राप्त करता है।

7. विशाखापतनम् – यह समुद तट पर स्थित एक मात्र लौह इस्पात कारखाना है जिसे बंदरगाह का लाभ प्राप्त है।

Map